**2022**

# HINDI

Paper : HIN–HC–4036

**( हिन्दी नाटक एवं एकांकी )**

( Honours Core )

*Full Marks* : 80

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दस** के उत्तर पूर्ण वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र का जन्म किस ईसवी में हुआ था?

(ख) महंत जी के दो चेले कौन-कौन हैं?

(ग) 'अंधेर नगरी' नाटक में कितने दृश्य हैं?

(घ) 'नीलदेवी' नाटक के रचयिता कौन हैं?

(ङ) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक का प्रकाशन-काल क्या है?

(च) मल्लिका की माँ कौन हैं?

(छ) कालिदास कहाँ के शासक बन जाते हैं?

(ज) 'विषकन्या' किनका एकांकी है?

(झ) अपराजिता किस एकांकी की पात्र है?

(ञ) जगदीशचंद्र माथुर का जन्म कहाँ हुआ था?

(ट) शेखर कहाँ के प्रतिभावान कवि हैं?

(ठ) माधव कौन हैं?

(ड) 'यह स्वतंत्रता का युग' शीर्षक एकांकी के रचयिता कौन हैं?

(ढ) इकराम का परिचय दीजिए।

(ण) प्रोफेसर जयंत के नौकर का नाम क्या है?

**2.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2×5=10

(क) राजा के दरबार में फरियादी क्या फरियाद लेकर आया था?

(ख) 'अंधेर नगरी' के कोतवाल का परिचय दीजिए।

(ग) "देश तुमसे यह बलिदान माँगता है।" कौन किससे ऐसा कहता है?

(घ) शेखर के घर की स्थिति कैसी थी?

(ङ) गोविन्द बल्लभ पंत के एकांकियों की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

(च) मीना की कोई दो चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(छ) एकांकी की परिभाषा दीजिए।

(ज) नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर बताइए।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 5×4=20

(क) नाटक की एक परिभाषा देकर उसके तत्त्वों का उल्लेख कीजिए।

(ख) 'अंधेर नगरी' नाटक के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) 'अंधेर नगरी' के राजा का चारित्रिक परिचय दीजिए।

(घ) "हम दोनों नदी के किनारे हैं जो एक-दूसरे की ओर मुड़ते हैं, पर मिल नहीं सकते।" शेखर को क्यों ऐसा लगता है? स्पष्ट कीजिए।

(ङ) छाया की चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(च) "तुम दूसरों के घर में ही नहीं, उनके जीवन में भी अनाधिकार प्रवेश कर जाते हो।" विलोम के बारे में कालिदास की इस टिप्पणी की सत्यता प्रमाणित कीजिए।

(छ) 'आषाढ़ का एक दिन' में राजपुरुष दंतुल की भूमिका के बारे में बताइए।

(ज) 'यह स्वतंत्रता का युग' एकांकी के नामकरण की सार्थकता पर विचार कीजिए।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के सम्यक् उत्तर दीजिए : 10×4=40

(क) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"हाय बाप रे! मुझे बेकसूर ही फाँसी देते हैं। अरे भाइयों, कुछ तो धरम विचारो। अरे मुझ गरीब को फाँसी देकर तुम लोगों को क्या लाभ होगा? अरे मुझे छोड़ दो।"

(ख) निम्नलिखित अवतरण के संदर्भ, आशय एवं महत्त्व पर प्रकाश डालिए :

"मैं अनुभव करता हूँ कि यह ग्राम-प्रान्तर मेरी वास्तविक भूमि है। मैं कई सूत्रों में इस भूमि से जुड़ा हूँ। उन सूत्रों में तुम हो, आकाश है और ये मेघ है, यहाँ की हरियाली है, हरिणी के बच्चे हैं, पशुपाल हैं।"

(ग) निम्नलिखित अवतरण की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

"देश की उन्नति का सबसे बड़ा राज है कि स्त्रियों को आपके पास आने की खुली छुट्टी दे दी जाये और आप उनको नापें-तोलें, उनकी आँख, कान, नाक होंठ, गाल, छाती, पिंडलियाँ, पैर अपने ढंग से नापें, तोलें, देखें, परखें—क्यों?"

(घ) प्रसाद युगीन हिन्दी नाट्य साहित्य का परिचय दीजिए।

(ङ) हिन्दी एकांकी के उद्भव और विकास पर एक लेख प्रस्तुत कीजिए।

(च) 'आषाढ़ का एक दिन' नाटक की कथावस्तु की समीक्षा कीजिए।

(छ) मल्लिका का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ज) 'अंधेर नगरी' नाटक की विशेषताएँ लिखिए।

(झ) एकांकी के तत्त्वों के आधार पर 'यह स्वतंत्रता का युग' एकांकी की समीक्षा कीजिए।

(ञ) 'विषकन्या' नामक एकांकी के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए।

★★★